Azim Premji Foundation

दिनाँक – 10,अगस्त, 2026

**प्रेषित,**

संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा /

नोडल अधिकारी , अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

उच्च शिक्षा निदेशालय , हल्द्वानी

उत्तराखंड |

**प्रेषक,**

राज्य प्रमुख

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन

उत्तराखंड , देहरादून

**विषय- उत्तराखंड राज्य अकादमिक सत्र 2026-27 में स्नातक / समकक्ष ( प्रथम वर्ष ) कक्षाओं की संस्थागत अध्ययन बालिकाओं हेतु "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" प्रदान किए जाने संदर्भित।**

महोदय,

विदित हो, अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन द्वारा अकादमिक सत्र 2025-26 में राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में स्नातक / समकक्ष ( प्रथम वर्ष ) कक्षाओं की संस्थागत अध्ययन बालिकाओं हेतु "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" योजना प्रारम्भ की जिसके तहत अभी तक राज्य की 8193 पात्र बालिकाओं को स्कॉलरशिप प्रदान की जा चुकी है / प्रक्रिया में है | उक्त स्कॉलरशिप की मुख्य बातें निमन्वत हैं |

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन भारत में शिक्षा की गुणवत्ता व समान उपलब्धता में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल इसी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक और एक कदम है। अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल के तहत वंचित समुदाय / समाज / क्षेत्र की लड़कियों को कॉलेज शिक्षा हासिल करने के लिए मदद की जायेगी । इस स्कॉलरशिप के तहत स्नातक अथवा समकक्ष की शिक्षा हासिल करने के लिए मदद के तौर पर **वार्षिक 30,000 ( रुपये तीस हजार मात्र )** की होगी । यह स्कॉलरशिप छात्राओं के पहले ग्रेजुएशन के लिए डिग्री या डिप्लोमा पूरा होने तक उपलब्ध कराई जाएगी।

**पात्रता हेतु जिन छात्राओं ने:-**

- स्थानीय राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय / राजकीय इंटर कॉलेज **से 10वीं और 12वीं कक्षा नियमित विद्यार्थी** के रूप में उत्तीर्ण होना **अनिवार्य** है।
- इसके साथ ही, आवेदन के समय भारत में कहीं भी राजकीय संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज या **विश्वविद्यालय के मान्यता प्राप्त स्नातक उपाधि या डिप्लोमा** (2 से 5 वर्षों की समयावधि वाले) के **प्रथम वर्ष** (2026-27 के अकादमिक सत्र) में **नियमित छात्रा** के रूप में प्रवेश प्राप्त किया होना चाहिए।

Azim Premji Foundation

" अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" हेतु अकादमिक सत्र 2026-27 के लिए दो चरणों में आवेदन किया जा सकता है –

**प्रथम चरण – 10 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026 तक**

**द्वितीय चरण – 2 जनवरी 2027 से 31 जनवरी 2027 तक**

**अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप आवेदन हेतु वैबसाइट:-**

**https://azimpremjifoundation.org/what-we-do/education/azim-premji-scholarship/applications/**

"अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" हेतु समन्वयन एवं सहयोग हेतु , सचिव उच्च शिक्षा महोदय द्वारा संयुक्त निदेशक , उच्च शिक्षा को राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किया गया है | ताकि यथासमय सूचना, अध्यतन स्थिति एवं समन्वयन बना रहे |

अत: महोदय से निवेदन है, अकादमिक सत्र 2026-27 में "अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप" आवेदन सूचना को उच्च शिक्षा विभाग की वैबसाइट एवं समर्थ पोर्टल वैबसाइट पर प्रदर्शित करने एवं राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थानों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत करने की कृपा कीजिएगा | साथ ही सभी विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों / संस्थानों के साथ **दिनांक 14 अगस्त , 2026 को एक ऑनलाइन अभिमुखीकरण बैठक** आयोजित करने की कृपा कीजिएगा |

सहयोग की अपेक्षा के साथ सादर धन्यवाद |

( राज्य प्रमुख)

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन

उत्तराखंड , देहरादून

कार्यक्रम समन्वयक – अंबरीष सिंह बिष्ट , मोबाइल नंबर – 9456591201 / 8077557032

ई-मेल – ambrish@azimpremjifoundation.org

संलग्न –

1.उच्च शिक्षा विभाग की वैबसाइट हेतु अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप संदर्भित ब्रोशचर, पोस्टर एवं दस्तावेजों हेतु दिशा निर्देश |

Azim Premji Foundation




# अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप

छात्राओं के लिए ₹30,000 की वार्षिक स्कॉलरशिप

Azim Premji Foundation

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप एक पहल है जिसका उद्देश्य ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है।

## स्कॉलरशिप

- प्रतिवर्ष ₹30,000 की स्कॉलरशिप, जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या शिक्षा से संबन्धित अन्य खर्चों के लिए किया जा सकता है।
- यह स्कॉलरशिप आपके पहले स्नातक पाठ्यक्रम (डिग्री या डिप्लोमा) की संपूर्ण अवधि के लिए प्रदान की जाएगी।

## पात्रता

- कक्षा 10 और 12 दोनों कक्षाएं किसी पात्र राज्य/केंद्रशासित प्रदेश* के सरकारी स्कूल या कॉलेज से नियमित छात्रा के रूप में पास की हो।
- शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि: 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है।

## राज्य और केंद्र शासित प्रदेश*

आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली (NCT), झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, और उत्तराखंड

## आवेदन की अवधि

- पहला चरण: 10 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026
- दूसरा चरण: 10 जनवरी 2027 से 31 जनवरी 2027

आवेदन पूरी तरह निःशुल्क है। सभी आवेदन केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किये जाएंगे।

## आवश्यक दस्तावेज़

**सभी आवेदिकाओं को नीचे दिए गए दस्तावेज़ों की साफ़ तौर पर पढ़ने योग्य, स्पष्ट और रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी:**

1) पासपोर्ट साइज़ फोटो (साधारण पृष्ठभूमि, पिछले 6 महीने में खींची गई)
2) आधार कार्ड
3) बैंक खाता विवरण (निम्न में से कोई एक):
   - बैंक पासबुक, या
   - पिछले एक महीने का बैंक स्टेटमेंट
4) कक्षा 10 की मूल मार्कशीट
5) कक्षा 12 की मूल मार्कशीट
6) प्रवेश का प्रमाण (निम्न में से कोई एक):
   - बोनाफाइड प्रमाणपत्र, या
   - ट्यूशन फीस रसीद

नोट: सभी सॉफ़्ट कॉपी PDF/JPG/PNG फॉर्मेट में होनी चाहिए। इन फ़ाइल्स का साइज़ 30KB से 500KB के बीच में होना चाहिए।

**किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए हमारी स्कॉलरशिप व्हाट्सऐप हेल्पलाइन पर संपर्क करें: +919019960536**

**आवेदन करने के लिए स्कैन करें**

Azim Premji Foundation

The Azim Premji Scholarship Program is a commitment to support girl students from disadvantaged background to pursue their college education.

## SCHOLARSHIP

- ₹30,000 per year that can be used for tuition fees or any other education-related expenses
- Awarded for the full duration of the first undergraduate degree or diploma course

## ELIGIBILITY

- Passed **both Class 10 and Class 12** as a **regular student** from a **government school or college** in any of the **eligible States or Union Territories***.
- Have taken **admission in the first year** (for academic session 2026–27) as a **regular student** of a recognized **undergraduate degree or diploma course** (2 to 5 years duration) at a **government** or a (credible and bona fide) **private college or university, anywhere in India**.

## STATES & UNION TERRITORIES*

Andhra Pradesh, Arunachal Pradesh, Assam, Bihar, Chhattisgarh, Delhi (NCT), Jharkhand, Karnataka, Madhya Pradesh, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Odisha, Puducherry, Rajasthan, Sikkim, Telangana, Tripura, Uttar Pradesh, and Uttarakhand.

## APPLICATION WINDOW

Round 1: August 10th, 2026 to August 31st, 2026

Round 2: January 10th, 2027 to January 31st, 2027

*There is no fee for applying. All applications will be accepted online through our website only.*

## DOCUMENTS REQUIRED

All applicants must submit clear, coloured, and unedited soft copies of their:

1) Passport-size photo (plain background, taken in last 6 months)
2) Aadhaar Card
3) Bank account details (any one):
   - Passbook, or
   - Account statement of the last one month
4) Class 10 original marksheet
5) Class 12 original marksheet
6) Proof of admission (any one):
   - Bona fide Certificate, or
   - Tuition Fee Receipt

*Note: All soft copies should be in PDF/JPG/PNG format between 30KB and 500KB file size.*

For all queries and support, message us on our Scholarship WhatsApp Helpline at +919019960536


Scan to apply

# अज़ीम प्रेमज़ी स्कॉलरशिप

## दस्तावेज़ों के लिए दिशानिर्देश

यह दस्तावेज अज़ीम प्रेमज़ी स्कॉलरशिप के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी करने हेतु आवश्यक दस्तावेज़ों के संबंधित दिशानिर्देश प्रदान करता है। कृपया अपना आवेदन जमा करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक और पूरी तरह पढ़ लें।

### 1. पासपोर्ट आकार का फ़ोटो




1.1. अपलोड की गई सॉफ्ट कॉपी मूल दस्तावेज़ की स्पष्ट एवं रंगीन स्कैन प्रति होनी चाहिए।

1.2. पासपोर्ट आकार का फोटो स्कॉलरशिप के लिए आवेदन की तिथि से पिछले 6 महीनों के भीतर लिया गया होना चाहिए तथा उसकी पृष्ठभूमि सादी (Plain) होनी चाहिए।

1.3. पासपोर्ट आकार के फोटो में आवेदक का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

1.4. फोटो पर किसी भी प्रकार के इमोजी, सोशल मीडिया ऐप के फ़िल्टर या कोई लिखावट नहीं होनी चाहिए। फोटो के रंगों को चमकाने या चेहरे में किसी प्रकार का परिवर्तन करने हेतु उसका संपादन (Editing) नहीं किया जाना चाहिए।

1.5. श्वेत-श्याम (Black & White) फोटो, मोबाइल/कंप्यूटर से लिए गए फोटो के स्क्रीनशॉट, अथवा किसी अन्य दस्तावेज़ से क्रॉप (Crop) किए गए फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

1.6. फ़ाइल केवल JPEG/JPG/PNG प्रारूप में होनी चाहिए। फ़ाइल का आकार 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए। किसी अन्य प्रारूप या आकार की फ़ाइल स्वीकार नहीं की जाएगी।

### 2. आधार

2.1. अपलोड की गई आधार सॉफ्ट कॉपी मूल दस्तावेज़ की स्पष्ट एवं रंगीन स्कैन प्रति होनी चाहिए।

2.2. आधार कार्ड में आवेदक का नाम, लिंग, जन्म तिथि तथा फोटो स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए।

2.3. क्रॉप किए गए, AI द्वारा तैयार किए गए या edited दस्तावेज़ स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी पाई जाती है, तो आवेदक को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

2.4. फ़ाइल केवल JPEG/JPG/PNG/PDF प्रारूप में होनी चाहिए। फ़ाइल का आकार 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए। किसी अन्य प्रारूप या आकार की फ़ाइल स्वीकार नहीं की जाएगी।

### 3. बैंक खाते की जानकारी

3.1. आवेदकों को बैंक प्रमाण (Bank Proof) के रूप में निम्नलिखित में से कम से कम एक दस्तावेज़ की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी:- बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ का फोटो या पिछले 1 महीने का

बैंक खाता विवरण।

3.2. बैंक खाता केवल आवेदक के स्वयं के नाम पर होना चाहिए तथा वह किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक का नियमित बचत खाता होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बचत खाते का संचालन प्रकार (Mode of Operation) "Self" होना चाहिए।

3.3. आवेदन जमा करने से पहले आवेदक यह सुनिश्चित करें कि: आपका बैंक खाता सक्रिय हो, बैंक विवरण में दी गई सभी जानकारी नवीनतम हो और आपका बैंक खाता ₹10,000 से अधिक की NEFT राशि प्राप्त करने में सक्षम हो।

### 3.4. बैंक खाता विवरण

3.4.1. अपलोड किया गया पिछले 1 महीने का बैंक खाता विवरण मूल दस्तावेज़ की स्पष्ट, बिना किसी संपादन की गई स्कैन की हुई सॉफ्ट कॉपी होना चाहिए। यह बैंक द्वारा जारी किया गया हो तथा उस पर बैंक की मुहर (Seal) और हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। केवल डिजिटल बैंक स्टेटमेंट, जिस पर बैंक की मुहर और हस्ताक्षर न हों, स्वीकार नहीं किया जाएगा।

3.4.2. बैंक खाता विवरण में निम्नलिखित जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए- खाताधारक का नाम, बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और बैंक शाखा विवरण।

3.4.3. संपादित (Edited), AI द्वारा तैयार किए गए या क्रॉप (Crop) किए गए दस्तावेज़ स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी पाई जाती है, तो आवेदक को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

3.4.4. फ़ाइल केवल JPEG/JPG/PNG/PDF प्रारूप में होनी चाहिए। फ़ाइल का आकार 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए। किसी अन्य प्रारूप या आकार की फ़ाइल स्वीकार नहीं की जाएगी।

### 3.5. पासबुक का फोटो

3.5.1. बैंक प्रमाण के रूप में अपलोड की गई सॉफ्ट कॉपी आवेदक की बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट एवं बिना संपादित (Unedited) प्रति होनी चाहिए। इस पृष्ठ पर निम्नलिखित जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए:-खाताधारक का नाम, बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और बैंक शाखा का विवरण।

3.5.2. संपादित (Edited), AI द्वारा तैयार किए गए या क्रॉप (Crop) किए गए दस्तावेज़ स्वीकार नहीं किए जाएंगे। केवल IFSC कोड हस्तलिखित हो सकता है। यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी पाई जाती है, तो आवेदक को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

3.5.3. फ़ाइल केवल JPEG/JPG/PNG/PDF प्रारूप में होनी चाहिए। फ़ाइल का आकार 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए। किसी अन्य प्रारूप या आकार की फ़ाइल स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 4. कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मार्कशीट यानि अंक तालिका

4.1. अपलोड की गई सॉफ्ट कॉपी मूल दस्तावेज़ की स्पष्ट एवं रंगीन स्कैन प्रति होनी चाहिए।

4.2. अंकतालिका (मार्कशीट) में निम्नलिखित सभी विवरण स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए:- आवेदक का

नाम, विद्यालय का नाम, शिक्षा का प्रकार (Mode of Education), क्रमांक संख्या, अनुक्रमांक, उत्तीर्ण होने का वर्ष तथा संबंधित प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर।

4.3. फोटोकॉपी, स्क्रीनशॉट,AI द्वारा तैयार किए गए, काट-छाँट किए गए अथवा संपादित (Edited) दस्तावेज़ स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी पाई जाती है, तो आवेदक को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

4.4. कक्षा 10वीं से संबंधित अन्य कोई दस्तावेज़, जैसे हॉल टिकट या स्थानांतरण प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

4.5. फ़ाइल केवल JPEG/JPG/PNG/PDF प्रारूप में होनी चाहिए। फ़ाइल का आकार 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए। किसी अन्य प्रारूप या आकार की फ़ाइल स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 5. कॉलेज प्रवेश प्रमाण

5.1. आवेदकों को प्रवेश प्रमाण (Admission Proof) के रूप में निम्नलिखित में से दोनों या कम से कम एक दस्तावेज़ की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी होगी:- बोना फाइड प्रमाण-पत्र (Bona Fide Certificate) या प्रवेश शिक्षण शुल्क रसीद।

5.2. अपलोड किए गए प्रवेश प्रमाण की सॉफ्ट कॉपी में निम्नलिखित जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए:- आवेदक का नाम, कॉलेज का नाम, प्रवेश से संबंधित विवरण, कोर्स का नाम, कोर्स प्रारंभ होने की तिथि, अध्ययन का वर्तमान वर्ष और कोर्स का प्रकार।

5.3. प्रवेश प्रमाण संस्थान के आधिकारिक लेटरहेड पर सिस्टम जनरेटेड, मुद्रित अथवा हस्तलिखित होना चाहिए तथा उस पर संबंधित प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर होना चाहिए। बिंदु 5.2 में उल्लिखित सभी जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

5.4. उपर्युक्त दो दस्तावेज़ों के अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज़, जैसे मेस/छात्रावास शुल्क रसीद, प्रयोगशाला शुल्क रसीद या परीक्षा शुल्क (Exam Fee) रसीद, प्रवेश प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आगे दस्तावेज़-वार विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए हैं।

### 5.5. बोना फाइड प्रमाण-पत्र

5.5.1. प्रवेश प्रमाण में निम्नलिखित विवरण स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने चाहिए:-आवेदक का नाम, कॉलेज का नाम, कोर्स का नाम, कोर्स प्रारंभ होने की तिथि, अध्ययन का वर्तमान वर्ष, कोर्स की अवधि और कोर्स का प्रकार।

5.5.2. बोना फाइड प्रवेश प्रमाण संस्थान के आधिकारिक लेटरहेड पर सिस्टम जनरेटेड, मुद्रित अथवा हस्तलिखित होना चाहिए तथा उस पर संबंधित प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर होना चाहिए।

5.5.3. बोना फाइड प्रमाण-पत्र का एक नमूना (Template) अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की वेबसाइट एवं आवेदक पोर्टल पर उपलब्ध है। इसे विश्वविद्यालय या कॉलेज के आधिकारिक लेटरहेड पर मुद्रित किया जा सकता है।

5.5.4. यदि बोना फाइड प्रमाण-पत्र हस्तलिखित है, तो वह स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य होना चाहिए तथा बिंदु 5.5.1 में उल्लिखित सभी जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

5.5.5. संपादित (Edited), AI द्वारा तैयार किए गए अथवा क्रॉप (Crop) किए गए बोना फाइड

प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी पाई जाती है, तो आवेदक को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

5.5.6. फ़ाइल केवल JPEG/JPG/PNG/PDF प्रारूप में होनी चाहिए। फ़ाइल का आकार 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए। किसी अन्य प्रारूप या आकार की फ़ाइल स्वीकार नहीं की जाएगी।

## 5.6. शिक्षण शुल्क रसीद

5.6.1. प्रवेश शुल्क रसीद में निम्नलिखित जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए:- आवेदक का नाम, कॉलेज का नाम, कोर्स का नाम, कोर्स प्रारंभ होने की तिथि, अध्ययन का वर्तमान वर्ष और कोर्स का प्रकार।

5.6.2. शिक्षण शुल्क रसीद पर क्रमांक (Serial Number) तथा लेन-देन की तिथि होना अनिवार्य है। दस्तावेज़ पर किसी भी प्रकार की ओवरराइटिंग, काट-छाँट, लिखावट में परिवर्तन अथवा अन्य संपादन (Editing) नहीं होना चाहिए।

5.6.3. शिक्षण शुल्क रसीद संस्थान के आधिकारिक लेटरहेड पर सिस्टम जनरेटेड, मुद्रित अथवा हस्तलिखित होना चाहिए तथा उस पर संबंधित प्राधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर होना चाहिए।

5.6.4. संपादित (Edited), AI द्वारा तैयार किए गए अथवा क्रॉप (Crop) किए गए प्रवेश शिक्षण शुल्क रसीद स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी पाई जाती है, तो आवेदक को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

5.6.5. फ़ाइल केवल JPEG/JPG/PNG/PDF प्रारूप में होनी चाहिए। फ़ाइल का आकार 30 KB से 500 KB के बीच होना चाहिए। किसी अन्य प्रारूप या आकार की फ़ाइल स्वीकार नहीं की जाएगी।

# Azim Premji Scholarship


## Guidelines for Documents Required

This document provides detailed guidelines for documents required for completion of application for the Azim Premji Scholarship. Please read the following instructions carefully and thoroughly before submitting your application.

### 1. Passport-size Photograph

1.1. The uploaded soft copy should be a **clear, coloured scan of the original document**.

1.2. The passport size photograph should have a plain background taken within last 6 months from the date of application for the scholarship.




1.3. In the passport-size photograph, applicant's face should be clearly visible.

1.4. The photograph should not have any emojis, social media app filters or anything written on them. It should not be edited to brighten the colours or alter the face.

1.5. Black and white photographs, screenshots of photos from phone/computer, or photos cropped out of any other document will not be accepted.

1.6. The file type should be JPEG/JPG/PNG format only. The file size should be between 30 KB to 500 KB. Any other format and file sizes will not be accepted.

### 2. AADHAAR

2.1. The uploaded soft copy should be a **clear, coloured scan of the original document**.

2.2. The Aadhaar should clearly display applicant's name, gender, date of birth, and photo.

2.3. Cropped, AI-generated and edited documents will not be accepted. If a fraud is detected, the applicant will be blacklisted.

2.4. The file type should be JPEG/JPG/PNG/PDF format only. The file size should be between 30 KB to 500 KB. Any other format and file sizes will not be accepted.

### 3. Bank Details

3.1. Applicants must submit scanned copy of at least one document as bank proof – Account Statement of the last 1 month OR a Photo of their recent Passbook.

3.2. The bank account must be in the Applicant's name alone and should be a regular savings account in a scheduled commercial bank. Additionally, the Mode of Operation of the savings account should be "self".

3.3. Applicants must ensure that their account is active, all information on the submitted Bank Proof is latest and their account can allow NEFT transactions of more than INR 10,000 before they submit their application.

### 3.4. Account Statement

3.4.1. The uploaded bank account statement must be a clear and unedited scanned soft copy. It must be generated from the bank with attestation. Digital account statement **without bank's seal and sign will not be accepted**.

3.4.2. The account statement must clearly show the **account holder's name, account number, IFSC code, and branch details.**

3.4.3. Edited, AI-generated or cropped files will not be accepted. If a fraud is detected, the applicant will be blacklisted.

3.4.4. The file type should be JPEG/JPG/PNG/PDF format only. The file size should be between 30 KB to 500 KB. Any other format and file sizes will not be accepted.

### 3.5. Passbook Photo

3.5.1. The bank proof must be a clear and unedited soft copy of the first page of the applicant's bank account passbook. This page should clearly display the account holder's name, account number, IFSC code and branch details.

3.5.2. Edited, AI-generated or cropped files will not be accepted. Only IFSC code can be handwritten. If a fraud is detected, the applicant will be blacklisted.

3.5.3. The file type should be JPEG/JPG/PNG/PDF format only. The file size should be between 30 KB to 500 KB. Any other format and file sizes will not be accepted.

## 4. Class 10th & 12th Marksheets

4.1. The uploaded soft copy should be **a clear, coloured scan of the original document**.

4.2. The marksheet should clearly display all the details such as applicant's name, school name, mode of education, serial number, roll number, year of passing, signature/seal of relevant authority and so on.

4.3. Photocopies, screenshots, AI-generated, cropped and edited documents will not be accepted. If a fraud is detected, the applicant will be blacklisted.

4.4. Any other document from Class 10 such as hall tickets, transfer certificate will not be accepted.

4.5. The file type should be JPEG/JPG/PNG/PDF format only. The file size should be between 30 KB to 500 KB. Any other format and file sizes will not be accepted.

## 5. College Admission Proof

5.1. Applicants must submit scanned copy of both or at least one document as proof of admission – Bona Fide Certificate OR Admission Tuition Fee Receipt.

5.2. The uploaded soft copy of proof of admission should clearly display the applicant's name, their admission details of the name of the college, course start date, current year of study, and course type.

5.3. The proof of admission could be either system generated or hand-written on the official letterhead of the institute with a **signature & seal of the relevant authority**. All the information stated in point 5.2 should be clearly visible.

5.4. Any document other than these two documents such as mess/hostel fees, laboratory fees, exam fees will not be accepted.

Further, document-wise details are given below:

### 5.5. Bona Fide Certificate

5.5.1. The proof of admission should clearly display applicant's name, college name, course start date, current year of study, course duration, and course type.

5.5.2. It must be either system generated or printed or handwritten on the official letterhead of the University or College with a seal and sign of the relevant authority.

5.5.3. A template for the Bona Fide Certificate is available on the Azim Premji Scholarship website and Applicant Portal. This can be printed on the letterhead of the University or College.

5.5.4. If handwritten, it should be readable and information as in point 5.5.1 should be clearly visible.

5.5.5. Edited, AI-generated, or cropped files of the Bona Fide Certificate will not be accepted. If a fraud is detected, the applicant will be blacklisted.

5.5.6. The file type should be JPEG/JPG/PNG/PDF format only. The file size should be between 30 KB to 500 KB. Any other format and file sizes will not be accepted.

### 5.6. Admission Tuition Fee Receipt

5.6.1. The proof of admission should clearly display applicant's name, college name, course start date/current year of study and course type.

5.6.2. The Tuition Fee Receipt must necessarily have a serial number and transaction date. There should not be any overwriting, scribbling or any other edits on the document.

5.6.3. It must be either system generated or printed or handwritten on the official letterhead of the University or College with a seal and sign of the relevant authority.

5.6.4. Edited, AI-generated, or cropped files of the Bona Fide Certificate will not be accepted. If a fraud is detected, the applicant will be blacklisted.

5.6.5. The file type should be JPEG/JPG/PNG/PDF format only. The file size should be between 30 KB to 500 KB. Any other format and file sizes will not be accepted.